हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 6 दिसंबर 2025

04 श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान व विश्व शांति ...



07 पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर अयोध्या नगरी में ...





## लखनऊ से इंदौर जा रही एक निजी यात्री बस अनियंत्रित होकर पलटी

# मौके पर एक यात्री की मौत, 19 यात्री घायल, एक गंभीर को किया रेफर





हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

बीनागंज क्षेत्र में नेशनल हाइवे 46 पर शुक्रवार तड़के लखनऊ से इंदौर जा रही एक निजी यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में सवार एक यात्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि डेढ़ दर्जन से अधिक यात्री घायल हुए हैं। तीन यात्रियों की हालत गंभीर बताई गई है, जिन्हें बेहतर उपचार के लिए भोपाल रेफर किया गया है। राधिका ट्रैवल्स की यह बस लगभग 50 यात्रियों को लेकर लखनऊ से इंदौर के लिए रवाना हुई थी। बस में ज्यादातर यात्री उत्तर प्रदेश, इंदौर और उज्जैन के रहने वाले थे।

### ड्राइवर को नींद का आया झोंका

सुबह करीब 5:30 बजे जब बस बीनागंज कस्बे से गुजर रही थी, तभी ड्राइवर को नींद का झोंका आ गया और बस सड़क से नीचे उतर गई। चालक जब तक बस को नियंत्रित कर पाता, उससे पहले ही बस सड़क किनारे लगे माइल स्टोन (किलोमीटर प्रदर्शित करने वाले पत्थर) से टकराकर पलट गई।

### हादसे के वक्त बहुत तेज थी बस की रफ्तार

प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार हादसे के वक्त बस की रफ्तार इतनी तेज थी कि संभलने का मौका ही नहीं मिला। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तेज रफ्तार बस पलटने के बाद कई मीटर तक घिसटती चली गई। बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना के तुरंत बाद चालक सहित पूरा बस स्टाफ मौके से भाग निकला।

### कलेक्टर, एसपी पहुंचे मौके पर

हादसे की सूचना मिलते ही गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, एसपी अंकित सोनी सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालने का कार्य किया। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने बताया कि जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता घायलों का उपचार है। उन्होंने बीनागंज पहुंचते ही जिला अस्पताल को अलर्ट पर रखने के निर्देश दिए।

### 1 यात्री की मौके पर ही मौत

हादसे की दौरान एक यात्री का सिर बस के कल-पुर्जों में बुरी तरह फंस गया था, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान के लिए पुलिस द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, घायल 19 यात्रियों को गुना जिला अस्पताल भेजा गया। इनमें एक बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि एक अन्य यात्री का हाथ बुरी तरह कुचल गया है, जिसे भोपाल रेफर किया गया है।

### बस में 50 से ज्यादा यात्री सवार थे

यात्रियों का दावा है कि बस में 50 से ज्यादा लोग सवार थे, हालांकि संख्या को लेकर अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जिला प्रशासन ने बस मालिक को सूचना भेजकर विवरण मांगा है।

### कुसमौदा चौकी के पास हुआ हादसा, महिला की मौत

**गुना।** शुक्रवार की शाम को एक और सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में महिला की मौत हुई। बताया जा रहा है कि इस घटना में एक महिला पर अज्ञात वाहन का पहिया चढ़ गया। जिससे उसका सिर फट गया। एम्बूलेंस से महिला को जिला अस्पताल भेजा गया।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर कन्याल ने दी 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता

**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा अज्ञात वाहन से सड़क दुर्घटना में मृत्यु पर मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 19 नवम्बर 2025 को रामू चौरासिया की अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी। परिवार की आर्थिक स्थिति गंभीर होने के दृष्टिगत कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा मृतक के परिजनों को 10 हजार रूपये की सहायता राशि स्वीकृत कर आवेदक को चेक प्रदान किया।



### साप्ताहिक जैविक हाट बाजार में बढ़ रही भीड़ स्थानीय जैविक उत्पादों को मिल रहा प्रोत्साहन

**गुना।** जिला प्रशासन गुना द्वारा उद्यानिकी विभाग एवं कृषि विभाग के सहयोग से शास्त्री पार्क सब्जी मंडी में प्रत्येक रविवार प्रातः 9 बजे से आयोजित 'जैविक हाट बाजार' लगातार लोकप्रियता प्राप्त कर रहा है। ताज़े, शुद्ध और रसायन-मुक्त उत्पादों की उपलब्धता ने इसे जिले के उपभोक्ताओं और किसानों के लिए एक प्रमुख मंच बना दिया है। इस पहल का उद्देश्य किसानों द्वारा उत्पादित जैविक फल, सब्जियाँ, अनाज, दालें, मसाले एवं अन्य प्राकृतिक उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुँचाकर उन्हें उचित मूल्य उपलब्ध कराना है। उपभोक्ताओं को भी इस बाजार से ताज़े और विश्वसनीय जैविक उत्पाद प्राप्त हो रहे हैं। जैविक हाट बाजार में इस बार मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (SRLM) की महिलाएँ भी अपने घरेलू एवं स्थानीय स्तर पर तैयार किए गए जैविक और पारंपरिक उत्पादों को बिक्री हेतु शामिल करेंगी। इनके शामिल होने से बाजार में उत्पादों की विविधता बढ़ेगी और महिला समूहों को सीधा बाजार उपलब्ध होगा।कलेक्टर किशोर कन्याल ने कहा कि यह साप्ताहिक आयोजन न केवल जैविक खेती को बढ़ावा देता है बल्कि महिलाओं, किसानों और उपभोक्ताओं के बीच सीधा संबंध स्थापित कर स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करता है। कृषि एवं उद्यानिकी विभाग भी विभिन्न पौधों, बीजों और जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री हेतु स्टॉल लगाएगा। उन्होंने जिले के नागरिकों, उपभोक्ताओं एवं किसान भाइयों से अपील की कि वे आगामी रविवार को अधिक से अधिक संख्या में जैविक हाट बाजार पहुँचकर स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दें और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की इस पहल को सशक्त बनाएँ।

### हाई स्कूल शहरोक में विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस का किया गया आयोजन

**गुना ।** पी.एम. श्री शासकीय हाई स्कूल शहरोक में विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के लगभग 80 छात्र-छात्राएं, कृषक एवं कृषक महिलाएं तथा स्कूल का स्टॉफ सम्मिलित रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. धर्वेन्द्र सिंह ने खेती एवं बागवानी के लिये मृदा स्वास्थ्य की महत्वता को समझाया, खेती से रसायनमुक्त उत्पाद प्राप्त करने के लिए जैविक खेती करने की सलाह दी एवं मानव जीवन में इसके अच्छे प्रभाव के बारे में बताया। साथ ही छात्र-छात्राओं के साथ संवाद कर मृदा एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों की जानकारी दी। डॉ. अमित कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक द्वारा मृदा को स्वस्थ्य बनाये रखने के लिये रसायनों के स्थान पर जैविक कीटनाशी जैसे नीमास्त्र, बृम्हास्त्र, अग्निास्त्र घटक उपयोग करने की सलाह दी। साथ ही मृदा का समय-समय पर जाँच कराने को कहा। डॉ. बी.एल. प्रजापति वैज्ञानिक द्वारा मृदा में पौषक तत्वों के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा प्राकृतिक खेती में कार्बनिक पदार्थो का महत्व एवं मृदा स्वस्थ्य बढ़ाने के उपायों की जानकारी दी।





# गुलाबगंज में नालों के ऊपर से हटाया गया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

नगर पालिका परिषद गुना के अतिक्रमण दस्ते एवं स्वच्छता अमले द्वारा संयुक्त कार्रवाही कर गुलाबगंज में मुख्य नाले के ऊपर किए गए अतिक्रमण को जेसीबी मशीन द्वारा तोड़ दिया गया है तथा तत्काल नालों की सफाई कराई जा रही है । शुक्रवार की दोपहर प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजूषा खत्री के निर्देश पर अतिक्रमण दस्ता की टीम एवं स्वच्छता अमले द्वारा गुलाबगंज में जल निकासी की समस्या को लेकर प्राप्त शिकायत को गंभीरतापूर्वक निर्णय लेते हुए नालों के ऊपर से अस्थाई अधिक्रमण हटा दिया गया , जिससे नालों में जल निकासी की समस्या से रहवासियों को मुक्ति मिलेगी। कार्रवाही के दौरान जोन प्रभारी उपयंत्री मयूरी श्रीवास्तव, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी शिवराज सिंह सिकरवार, दरोगा महाराज सिंह,अमित कुमार,शकील खान,नीलम राठौर,बृजमोहन खरे,वार्ड प्रभारी मैट राकेश धूरिया,बनवारी मैट आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### नो पॉलिथीन नो सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारी के अंतर्गत नगर पालिका गुना द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजूषा खत्री के निर्देश पर शुक्रवार सार्वजनिक क्षेत्र शास्त्री पार्क, गुर्जर कॉलोनी वार्ड क्रमांक 20 में जागरूकता अभियान के दौरान नगर पालिका परिषद, गुना की सहयोगी स्वच्छता टीम सिद्धिविनायक वेस्ट मैनेजमेंट सर्विसेस द्वारा "नो पॉलिथीन नो सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान" अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य रेहवासी क्षेत्रों में नागरिक को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने हेतु जागरूक करना है । उक्त अभियान के दौरान नगर पालिका परिषद गुना द्वारा सभी नागरिकों से आग्रह किया गया की बाजार जाते समय अपने घर से कपड़े का थैला लेकर जाए जिससे सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग प्रतिबंधित किया जा सके करें। उक्त अभियान के दौरान स्वच्छता टीम सिद्धिविनायक वेस्ट मैनेजमेंट सर्विसेस के IEC मेंबर द्वारा रहवासी क्षेत्र, बाजारों एवं अन्य व्यावसायिक क्षेत्रो मे की जा रही गतिविधियों से नागरिको में जागरूकता आ रही है एवं शहर के कुछ नागरिकों ने कपड़े से बने थेले का उपयोग करना प्रारंभ कर दिया है।

# काले हिरण के शिकारी को न्यायालय ने दिया 3 वर्ष का कठोर कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

काले हिरण के शिकारी को न्यायालय ने 3 वर्ष के कठोर कारावास व 10000 के अर्थदंड से दंडित किया है।मीडिया प्रभारी ममता दीक्षित ने बताया कि दिनांक 18.09.2018 को वनमण्डल कार्यालय गुना से दूरभाष पर सूचना मिली कि ग्राम सिंगवासा पिपरिया के पास कोई वन्य प्राणी का शिकार हुआ है, आप उपनिरीक्षक कैंट थाना से संपर्क करें के आधार पर वह दिनेश भार्गव उपवनक्षेत्रपाल तथा दुर्गेश शर्मा वनरक्षक, बीटगार्ड चांदोल, बीटगार्ड बिन्ख्याई पुलिस थाना कैंट में आये तथा थाना कैंट के उपनिरीक्षक से संपर्क के दौरान जानकारी दी कि वह लोग स्टाफ सहित सिंगवासा में है सूचना के आधार पर वनस्टाफ ग्राम सिंगवासा आये तथा वनस्टॉफ व पुलिस स्टाफ संयुक्त रूप से सिंगवासा पिपरिया मार्ग पर नाकाबंदी के दौरान एक मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति बीच में एक प्लास्टिक के कट्टे में कुछ सामान रखे हुए दिखायी दिये तो वनस्टाफ व पुलिस स्टाफ द्वारा सचिंग जांच-पडताल के दौरान मोटरसाइकिल को रोका तथा मोटरसाइकिल पर पीछे एक व्यक्ति प्लास्टिक का एक कट्टा पकडे हुए था तो स्टाफ द्वारा कट्टे का मुंह खोलकर देखा तो उसमें लाल रंग का मांस दिखायी दिया तो मोटरसाइकिल पर आगे वाले व्यक्ति से नाम पूछा तो उसने अपना नाम अंजनीलाल तथा मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम रणधीर शिकारी ग्राम अकोदा का होना बताया तथा दोनों व्यक्तियों से प्लास्टिक के कट्टे में रखे मांस की पडताल करने पर मांस किस का है तथा कहां से ला रहे हो पूछताछ में दोनों व्यक्तियों द्वारा बताया कि काले हिरण का मांस है जो कि रेंझाई चक्क एवं पुरैनी के खेतों में तीतर पकडने के दौरान एक काला हिरण घायल अवस्था में मिलने पर उन्होंने हिरण को पत्थरों से मारकर एक छुरी एवं चाकू से काटपीटकर टुकडे कर प्लास्टिक के कट्टे में रखकर ग्राम सिंगवासा से जा रहे है। उक्त आधार पर वन स्टाफ द्वारा दोनों आरोपीगण को हिरासत में लेकर प्लास्टिक के कट्टे में रखे हिरण का मांस अनुमानित 10 किलो एवं एक चाकू खून से लिपटा तथा एक मोटरसाइकिल महिन्द्र सेंटो एमपी 08 एमएम 6491 की जाप्ता कार्यवाही पूर्ण कर जप्तीनामा, मौका पंचनामा बनाया एवं आरोपीगण के विरूद्ध प्रकरण कायम कर जप्तशुदा सामान को सील्ड किया गया। उक्त प्रकरण का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया। न्यायालय में पैरवी करते हुए शरद रघुवंशी एडीपीओ गुना द्वारा विधिक तर्क रखे गए जिनसे सहमत होकर माननीय न्यायालय ने आरोपी अंजनीलाल बेलपारादी को धारा 51 वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत तीन साल का सश्रम कारावास व 10000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

## जिला पंचायत कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक संपन्न

# जिले को टॉप-5 में लाने के लिए लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में जिला पंचायत कार्यों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**'एक बगिया मां के नाम' अभियान की प्रगति पर जोर :** बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर श्री कन्याल ने 'एक बगिया मां के नाम' अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कहा कि "पेड़ लगाना ही नहीं, उनकी नियमित देखभाल भी हमारी सामूहिक ज़िम्मेदारी है।" उन्होंने पौधों की दैनिक मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने तथा जिले को राज्य में टॉप–5 स्थान दिलाने के लिए ठोस प्रयास करने के निर्देश दिए।

**जल गंगा संवर्धन अभियान–जनवरी तक सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश :** बैठक में खेत तालाब, डकवेल रिचार्ज एवं अमृत सरोवर जैसे संरचनात्मक कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जल संवर्धन के अंतर्गत सभी कार्य जनवरी माह तक पूर्ण किए जाएं। उन्होंने साप्ताहिक वीसी के माध्यम से प्रगति की नियमित समीक्षा करने को कहा, ताकि समयसीमा एवं गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित हो सकें।

**ई–केवाईसी एवं आवास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा :** कलेक्टर श्री कन्याल ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत ई–केवाईसी, जनमन आवास, तथा आवास प्लस की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। साथ ही पंचायत स्तर पर निर्माणाधीन पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, और 15वें वित्त के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य संपन्न करने के निर्देश दिए।

**लखपति दीदी–स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा :** बैठक में लखपति दीदी की संख्या बढ़ाने तथा उनके उत्पादों के विपणन को और सुदृढ़ करने पर भी जोर दिया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उनके द्वारा तैयार उत्पादों को 'जिज्जी की पंचायत' में रोस्टर सिस्टम के माध्यम से स्टॉल लगाकर बेचने की व्यवस्था नियमित एवं प्रभावी रूप से संचालित की जाए।

**पंचायत स्तरीय जनसुनवाई–समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता :** कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि पंचायत स्तर पर होने वाली जनसुनवाई को प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जाए। जनपद स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों की स्थिति रिपोर्ट तथा समाधान की प्रगति प्रत्येक पंचायत अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम


**रायपुर संस्करण -** 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साईं कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सद्दू सेक्ट-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागाँव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा वर्मा पिता\पति सुन्दर लाल वर्मा पता- बरौद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. येशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति विरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२, 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.मुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. वी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहु पता-सुहेला, 469. संतोष कोर्राम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण –** 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालवानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलधानी पिता/पति कोमल मलधानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास वैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- वी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति ऍम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुठपुर, **भोपाल संस्करण –** 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## समाचार संक्षेप

### स्व. राजू भाई को नम आंखों से अंतिम विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन

नगर सहित क्षेत्र के लोगों ने अपने प्रिय मित्र स्व. राजू यादव पिता शिक्षक बृजेंद्र यादव को उनकी तेरहवीं पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।राजू भाई हमेशा मिलनसार, मददगार और हँसमुख स्वभाव के धनी थे। उनका व्यवहार और मित्रता की मिसाल आज भी लोगों के दिलों में जीवित है।तेरहवीं संस्कार के अवसर पर परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने एकत्र होकर उनकी पवित्र आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सभी ने कहा कि राजू भाई के जाने से एक ऐसी कमी पैदा हुई है, जो कभी पूरी नहीं हो सकेगी।परिजनों ने श्रद्धांजलि सभा में आए सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राजू भाई की यादें हमेशा उनके साथ रहेंगी।ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति दें।स्व. राजू भाई अमर रहें उनकी यादें सदैव हमारे दिलों में जीवित रहेंगे।श्रद्धा सुमन करने वालों-राजेश यादव, शैलेंद्र यादव, बंटी राजपूत, पारुल शर्मा, जगबीर परमार,मोनू भाई जी, अर्पण जैन, जितेंद्र श्रीवास्तव, बृजेंद्र यादव, दीपक रघुवंशी, संजीव यादव, सोनू ग्वाल, भूपेंद्र ओझा सहित सैकड़ो लोगों के नाम शामिल है।

### पेंशनर संघ की मासिक बैठक का हुआ आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन

गायत्री मंदिर परिसर पर प्रति माह होने वाली पेंशन संघ की मासिक बैठक का आयोजन किया गया इसमें स्वः आरसी मेइया प्राचार्य हाई स्कूल बरोद को पेंशनर संघ आरोन द्वारा गायत्री मंदिर परिसर मै भाव भीनी श्रद्धांजलि दी गई मेइया जी आरोन मैं प्रधानाध्यापक, बी, आर,सी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, एवं हाई स्कूल बरोद में प्राचार्य पद पर आसीन रहे थे मेइया जी कर्तव्य निष्ठ ईमानदार एवं व्यवहार कुशल व्यक्तित्व क़े धनी थे मेइया जी का दिनांक 27 नवंबर 2025 को आकस्मिक देवलोक गमन हो जाने से उनकी आत्मा शांति क़े लिए पेंशनर संघ आरोन द्वारा दो मिनट का मोन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई! इस अवसर पर अध्यक्ष विष्णु प्रसाद दुवे सचिव कमर लाल बुनकर भगवान लाल शर्मा रघुवीर सिंह रघुवंशी पूरन चंद शिवहरे जगराम कुस्तवार राजकुमार जैन मण्डल सिंह राजपूत सेवाराम नौरोजी छगनलाल तिवारी यशपाल टांडेलआदि सदस्य उपस्थित रहे।

## मुनि संघ के पावन सानिध्य में विशाल धार्मिक आयोजन

# श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान व विश्व शांति महायज्ञ का शुभारंभ आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राघौगढ़



धर्मनगरी राघौगढ़ में श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन 6 दिसंबर से 14 दिसंबर तक संत सुधा सागर धाम में श्री संभवनाथ जिनालय परिसर में आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक मुनि योग सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है। भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक एवं जैन समाज ट्रस्ट कमेटी के मार्गदर्शक मंडल के वरिष्ठ सदस्य विजय कुमार जैन ने जारी विज्ञप्ति में बताया है 6 दिसंबर दोपहर 1:00 बजे मुनि संघ के पावन सानिध्य में घट यात्रा का विशाल जुलूस श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होकर आयोजन स्थल सुधा सागर धाम पहुंचेगा।जहां ध्वजारोहण के साथ भव्य सैकड़ों की उपस्थिति में शुभारंभ होगा। ध्वजारोहण जैन समाज के अध्यक्ष सिंघई अशोक कुमार भारिल्य एवं सिंघई राजेश कुमार भारिल्य करेंगे। प्रतिदिन प्रातः 7:00 बजे से भगवान का अभिषेक शांति धारा के साथ विधान प्रारंभ होगा प्रातः 8:30 बजे मुनिराज के मंगल प्रवचन होंगे। शाम 7:00 बजे नगर के प्रमुख मार्गो से होकर महा आरती का जुलूस सुधा सागर धाम पर आएगा। यहां गाजे बाजे एवं भक्तिभाव से भगवान की आरती होगी। तत्पश्चात प्रवचन होंगे एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। विधान की सभी मांगलिक क्रियाएं विधि विधान से सुप्रसिद्ध प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रम्हचारी संजीव भैया जी कटंगी एवं उनके सहयोगी पंडित मयंक जी दमोह संपन्न कराएंगे करेंगे।

श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान आयोजन के पुण्यार्जक आचार्य विद्यासागर जी महाराज के युवा शिष्य राघौगढ़ नगर गौरव मुनि निर्लेप सागर जी महाराज के गृहस्थ जीवन के परिवारजन डॉ अजित रावत, अनिल रावत, डॉक्टर अमित रावत, आशीष रावत, जैन समाज राघौगढ़ के अध्यक्ष सिंघई अशोक कुमार भारिल्य, उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार चौधरी, राजेश कुमार जैन ठेकेदार, मंत्री जिनेश कुमार जैन, मंत्री अमित जैन रानू, कोषाध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र जैन, शह कोषाध्यक्ष निखिल राजा चौधरी, सहमंत्री दिलीप कुमार जैन, सदस्य सन्तोष जैन,जिनेश कुमार रावत प्रमोद कुमार जैन पूर्व मंडी सचिव, संजीव कुमार रावत पप्पू मार्ग दर्शक मंडल के सदस्य प्रदीप कुमार जैन,शीतल चंद कठारी, राजेंद्र कुमार जैन,संजय कुमार जैन एडवोकेट, अरविंद कुमार जैन, सन्तोष कुमार जैन बलियत, आदि ने अपील की है कि धार्मिक कार्यक्रम में पधार कर धर्म लाभ ने एवं धर्म प्रभावना बढ़ाये। बाहर पधारने बारे अतिथियों एवं श्रृद्धालुओं के आवास एवं भोजन की व्यवस्था की गई है।

## एक साथ होगा 29 वेदियों के जिनविम्बों का अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन

नगर में आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं नव आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के परम्‌-प्रभावक शिष्य वात्सल्य मूर्ति बीजाक्षर प्रणेता मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज का मंगल चातुर्मास नगर में नित नए ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। चातुर्मास कमेटी के प्रचारमंत्री सुनील झंडा ने जानकारी देते बताया कि आरोन नगर में मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज के बर्षायोग एवं मंगल चातुर्मास काल के दौरान जितनी उपलब्धियां आरोन जैन समाज ने प्राप्त की हैं उन्हें भूतो न भविष्यती की संज्ञा दी जा सकती है। रविवार को आरोन नगर के इतिहास में पहली बार चौबीसी बड़ा जैन मन्दिर की सभी 29 वेदियों पर विराजमान जिनेन्द्र भगवान की प्रतिमाओं का एक साथ अभिषेक किया जाएगा। इससे पूर्व शुक्रवार को पूज्य मुनि श्री दुर्लभ सागर महाराज जी के सानिध्य में ही सुज्ञान जागृति दिगम्बर जैन पाठशाला के नवीन भवन का शिलान्यास बड़ा जैन मन्दिर परिसर में स्थित श्री नियम सागर भवन के पास जैन समाज अध्यक्ष विजय डोडिया, मंत्री संजय जैन कंचू , चातुर्मास कमेटी के उपाध्यक्ष शिखर कलेशिया,निर्माण समिति के जैकी जैन केपी,विवेक झंडा एवं समाज के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया गया। शिलान्यास एवं भूमि पूजन करने का सौभाग्य राजीव जैन विकास जैन मंडीदीप,दिलीप जैन पुंज जैन झंडा,राजमल जैन अंकित जैन भूमरिया,सुरेशचंद नरेशचंद्रआशीष जैन मोनू जैन बिक्की जैन पारस पिपरई परिवार, रमेशचंद राजेश जैन नीतेश जैन कालादेव,सुरेशचंद राहुल जैन गरैठा,कमलेश जैन अभिषेक जैन हाजीपुर,प्रमोद जैन अंकित जैन बरसत को प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि मुनि श्री प्रशांत सागर जी निर्वेग सागर जी एवं आर्यिका श्री विज्ञान मति माताजी की प्रेरणा से अनेक वर्षो से जैन समाज द्वारा पूर्व से ही जैन पाठशाला नियम सागर भवन के कक्षों में संचालित हो रही है। नगर में चातुर्मास कर रहे मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज प्रेरणा से आरोन जैन समाज द्वारा अब एक आधुनिक एवं सर्व सुविधायुक्त पाठशाला भवन का निर्माण होगा।इस अवसर पर मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज ने अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि जिस प्रकार आरोन में गुरुजी 4के नाम से आचार्य श्री विद्यासागर साधिका आश्रम,गौशाला एवं विद्यालय के प्रकल्प जारी हैं उसी प्रकार आरोन में निर्मित होने बाला नवीन पाठशाला भवन सभी के लिए एक उदाहरण बनना चाहिए।



मुनि संघ के सानिध्य में हुआ जैन पाठशाला के नवीन भवन का शिलान्यास

## भाजपा के कैंट मंडल की कार्यकारिणी घोषित,तीस पदाधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

भारतीय जनता पार्टी के कैंट मंडल की जंबो कार्यकारिणी लंबी इंतेजार के बाद घोषित कर दी गई है ।जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार के सोशल मीडिया अकाउंट से जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार कार्यकारिणी में दो महामंत्री छह उपाध्यक्ष,छह मंत्री सहित कुल तीस कार्यकर्ताओं को कार्यकारिणी में स्थान दिया गया है ।मंडल अध्यक्ष रामकुमार शर्मा ने अपनी नव नियुक्त कार्यकारिणी में जितेंद्र रघुवंशी एवं कमल नरवरिया को महामंत्री,बल्लू प्रजापति,पवन यादव, श्रीमति हेमा क्षत्रिय, रामेश्वर पंत,कृष्णपाल यादव एवं आकाश जगताप को उपाध्यक्ष, सौरभ भदौरिया, सचिन धूरिया, सतेंद्र श्रीवास्तव ,अंजना जाट, अमित तिवारी,सरस्वती धाकड़ को मंत्री, मोहन सिंह यादव को कोषाध्यक्ष, कमला मेर एवं गोविंद सेन को सह कोषाध्यक्ष,ललित शर्मा को कार्यालय मंत्री,अजय राजोरिया एवं रवि आर्य को सह कार्यालय मंत्री,पंकज सक्सेना को मीडिया प्रभारी,अजय मांझी एवं मोनू कुशवाह को सह मीडिया प्रभारी,राजेंद्र सिकरवार को सोशल मीडिया प्रभारी,गौरव खटीक को सह सोशल मीडिया प्रभारी,मनोज पंत को प्रचार मंत्री,राजेन्द्र परिहार एवं राजेश लोधी को सह प्रचार मंत्री,रणजीत बोथम को आई टी सेल संयोजक एवं गोलू बैरागी को सह आई टी सेल प्रभारी बनाया गया है ।नवनियुक्त कार्यकारिणी के सदस्यों को वरिष्ठ पार्टी जनों द्वारा शुभकामनाएं दी गई हैं ।

# जिला स्तरीय क्रिकेट पुरुष में अशोकनगर व महिला में गुना की टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन

शासकीय महाविद्यालय आरोन में जिला स्तरीय क्रिकेट (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ए.के. मुदगल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी डॉ वी एस मीना ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता 1 दिसम्बर से प्रारंभ होकर 04 दिसम्बर को संपन्न हुई। प्रतियोगिता में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना की पुरुष एवं महिला क्रिकेट टीम सहित गांधी वोकेशनल कॉलेज गुना, शासकीय महाविद्यालय राधौगढ़, शासकीय महाविद्यालय आरोन, शासकीय महाविद्यालय अशोकनगर, शासकीय महाविद्यालय मुंगावली, शासकीय महाविद्यालय कुंभराज एवं चंदेरी से अलग-अलग टीम प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित हुई । महाविद्यालय की हिंदी विभाग की प्राध्यापक सुश्री महाविद्या उपाध्याय एवं वाणिज्य विभाग से डॉ बी एस मीणा के उद्बोधन के साथ प्रतिदिन प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। क्रिकेट की फाइनल प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय अशोकनगर की पुरुष टीम विजेता रही एवं उपविजेता के रूप में शासकीय महाविद्यालय मुंगावली की टीम रही। ठीक इसी प्रकार महिला क्रिकेट में विजेता शासकीय महाविद्यालय गुना एवं उपविजेता शासकीय महाविद्यालय अशोकनगर की महिला टीम रही। विजेता टीम को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ए.के. मुदगल द्वारा ट्रॉफी से सम्मानित किया। प्रतियोगिता में प्रो. महाविद्या उपाध्याय, डॉ शीमा कुरैशी, पूजा शर्मा, मीना गुप्ता, हरवीर सिंह रघुवंशी , हरलाल रावत, सतीश मस्तकार, डॉ अलीम मियां, डॉ प्रदीप जाटव, डॉ कौसर जहां, डॉ अलका सिंह, डॉ सोनल दीक्षित आदि का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में एम्पायर की भूमिका सोनू सिलावट एवं मृदुलकृष्ण शर्मा ने निभाई।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारियों सहित अधिक संख्या में विद्यार्थी व दर्शनार्थी उपस्थित रहे । मंच का संचालन रामकुमार भार्गव एवं विनीत राव द्वारा किया गया।



## जैन संत आचार्य निर्भय सागर महाराज के हो रहे प्रतिदिन प्रवचन और आहारचर्या





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ

संत आचार्य श्री निर्भय सागर जी महाराज संघ सहित ईसागढ़ में विराजमान है प्रतिदिन प्रातः 8:30 बजे मंगल प्रवचन होते हैं। प्रवचन के बाद 10 बजे आहारचर्या हुई।

परमपूज्य आचार्य श्री के आहार कराने का सौभाग्य राजेश जैन ठेकेदार परिवार को मिला इसी क्रम में ओमप्रकाश जैन को मुनि श्री 108 सुदत्त सागर जी के आहार कराने का सौभाग्य प्राप्त हुआ मुनि श्री गुरुदत्त सागर जी के आहार पारस जनरल स्टोर परिवार व मुनि श्री भूदत्त सागर जी के आहार बड़कुल परिवार के यहां हुए। संपूर्ण महाराज के निरंतराय आहार हुए। 6:30 बजे आपके सवाल गुरुदेव के जवाब के माध्यम से ज्वलंत प्रश्नों का समाधान किया जाता है। आचार्य श्री ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए जैन बड़े मंदिर में कहा सफलता गिफ्ट में नहीं मिलती मुक्ति लिफ्ट से नहीं मिलती मिलती है दुआएं गुरु से मुफ्त में लेकिन नशतकों के लिए वह नहीं फलती हैं। सफलता का महामंत्र है योग्यता। ज्ञान से योग्यता आती है योग्यता से प्रगति होती है शांति मिलती है सम्मान मिलता है जिसका इरादा पक्का होता है उसे मंजिल मिलती है। मार्ग की परेशानियां स्वयं ही दूर हो जाती हैं माता-पिता और गुरु का आशीर्वाद एवं कृपा जिस पर होती है वह व्यक्ति कभी परेशान नहीं हो सकता। प्रत्येक आत्मा स्वयं मालिक है इसलिए भिखारी बनने की जरूरत नहीं पुरुषार्थ जगाने की जरूरत है। माता-पिता का कर्ज़ सेव करके चुकाया जाता है गुरु का कर्ज़ भक्ति और आहार दान देकर छुपाया जाता है। आचार्य श्री निर्भय सागर जी महाराज ने कहा संतान के लिए मां सुरक्षा की ढाल है पिता संतान की रक्षा के लिए पहना पेनी तलवार है। उज्जवल भविष्य के लिए जिनवाणी मां अर्थात सरस्वती देवी बच्चों के लिए भगवान का अवतार होती है।



## डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**अशोकनगर।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर, जिन्हें भारत का संविधान निर्माता कहा जाता है, उनकी पुण्यतिथि पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अशोकनगर द्वारा "समरस भारत, समरस युवा" विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम नगर के क्रमांक-1 विद्यालय में संपन्न हुआ, जहाँ बृजकिशोर शर्मा, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, तथा भाग संयोजक ललित रघुवंशी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के माध्यम से डॉ. अम्बेडकर द्वारा दिए गए समानता, न्याय और शिक्षा आधारित समाज के संकल्प को स्मरण किया गया। विद्यार्थियों को संविधान की मूल भावना, सामाजिक समरसता, और राष्ट्र निर्माण में युवा शक्ति की भूमिका पर प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अशोकनगर ने इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में समरस, संगठित और जागरूक भारत के निर्माण का संदेश देने का सफल प्रयास किया।

### स्व सहायता समूह से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं बन रहीं लखपति

## लखपति दीदी अंर्तगत जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा लखपति दीदी जिला स्तरीय संचालन एवं मार्गदर्शन समिति की बैठक में दिये गये निर्देशानुसार सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र शंकरपुर में म.प्र.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत लखपति दीदी जिला स्तरीय सीआरपी कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें विकासखण्ड चंदेरी एवं ईसागढ की लखपति सीआरपीयों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण आजीविका मिशन जिला परियोजना प्रबंधक दिनेश कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि राज्य कार्यालय द्वारा समूह सदस्यों को विभिन्न प्रकार के उद्यमों एवं गतिविधियों से जोड़कर लखपति बनाने हेतु जिले को 16704 का लक्ष्यं प्रदान किया गया है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में अब तक लगभग 13166 समूह सदस्यों को लखपति श्रेणी में लाया जा चुका है। शेष दीदियों को लखपति श्रेणी में लाए जाने हेतु कार्य योजना तैयार कर निरंतर कार्य किया जा रहा है। जिससे समूह सदस्यों को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। कार्यशाला में ईसागढ एवं चंदेरी से लगभग 85 लखपति सीआरपी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

जिसमें लगभग 32 प्रकार की नवीन गतिविधियां जैसे आटा चक्की, सेंट्रिंग, मसाला इकाई, टेंट हाउस, सिलाई कार्य आदि हेतु आवश्यकता निकाल कर आई हैं जिनके प्रकरण तैयार कर संबंधित विभागों को प्रेषित किए जाऐंगे। कार्यशाला में उद्योग विभाग, कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों द्वारा अपनी अपनी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई एवं कार्यशाला में अवनीश अग्निहोत्री जिला प्रबंधक कौशल, शिवप्रसाद सिंह गौंड, अरविन्द बागरी, कृषि विभाग, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, उद्योग विभाग एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी/कर्मचारी एवं आजीविका मिशन की लखपति सीआरपी दीदी उपस्थित रही।

### जैन समाज ने सिंधिया से पत्र लिखकर की मांग

**ईसागढ़।** दिगंबर जैनाचार्य विद्यासागर के द्वितीय समाधिमरण वर्ष पर भारतीय डाक विभाग द्वारा बहुरंगी स्मारक डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण, विवरणिका एवं रद्दीकरण मुहर जारी किए जाने की मांग श्री पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट कमैटी ईसागढ द्वारा केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से पत्र लिखकर मागं की। जिसमें कहा कि दिगम्बर जैनाचार्य संतशिरोमणि श्री विद्यासागर जी पर भारत सरकार ने प्रथम समाधि दिवस 6 फरवरी, 2025 ई. को चांदी से निर्मित 100 रु मूल्य वाला स्मारक सिक्का जारी किया था, जिसे गृह मंत्री अमित शाह द्वारा चंद्रगिरि डोंगरगढ़ में आयोजित समारोह में लोकार्पित किया था। आगामी 27 जनवरी, 2026 ई, मंगलवार या 18 फरवरी, 2026 ई., बुधवार को अथवा द्वितीय समाधि वर्ष में विभागीय सुविधानुसार किसी भी दिनांक को आचार्य के राष्ट्रीय प्रदेय को दृष्टि में रखकर भारत सरकार के संचार मंत्रालय गत भारतीय डाक विभाग के द्वारा बहुरंगी स्मारक डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण, विवरणिका एवं केन्सिलेशन सील भी जारी की जाए।

### सभी विभागों के समन्वय से बनाएं विलेज डवलपमेंट प्लानः कलेक्टर

# श्योपुर जिले के 15 गांव बनेंगे प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम, होगा विकास, बढ़ेंगी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




श्योपुर जिले के 15 गांवों का चयन प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना केन्द्र प्रवर्तित योजना के तहत किया गया है। जिनमें श्योपुर विकाखंड के 11 गांव और विजयपुर विकासखंड के 4 गांवो को शामिल किया गया है। चयनित सभी 15 गांव में करीब 40 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जाति समुदाय की निवास करती है। जिले के सभी चयनित गांवों में विकास कार्य कराए जाएंगे और इन सभी गांवों में रहने वाले ग्रामीणों के लिए शासन की ओर से मूलभूत सुविधाएं भी बढाई जाएगी। इसके लिए शासन की ओर से अलग से बजट से दिया जाएगा। ताकि इन गांवों में रहने वाले ग्रामीणों का जीवन स्तर बेहतर हो सके।

इस संबंध में शुक्रवार को एक बैठक कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजिक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर अर्पित वर्मा ने उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीएम आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में चयनित 15 ग्रामों के लिए सभी विभागों के समन्वय से विलेज डवलपमेंट प्लान तैयार किया जायें, इसके लिए विभिन्न विकास विभाग के अधिकारी ग्रामों में बैठकर लोगों से चर्चा कर उनकी आवश्यकता तथा योजना के नीति निर्देश अनुरूप ग्राम विकास की कार्य योजना तैयार करें। बैठक में सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश गुप्ता, उप संचालक कृषि मुनेश शाक्य, बिजली विभाग के प्रबंधक प्रतिक टुडेंलकर, सीएमएचओ डॉ दिलीप सिंह सिकरवार सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि उक्त योजना के दिशा निर्देशानुसार चयनित ग्रामों में दो स्तर पर कार्य किये जाने है, प्रथम स्तर पर सामाजिक, आर्थिक, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि संकेतको में सुधार तथा छूटे हुए पात्र शत प्रतिशत लोगों को प्रचलित योजनाओं में लाभ प्रदान किया जायें, द्वितीय स्तर पर ग्राम में मूलभूत अधोसंरचनात्मक सुविधाओं का विकास किया जायें। इसके लिए 20 लाख रूपये की राशि प्रति ग्राम ऐसे कार्यो के लिए दी गई है, जिन्हें पूर्ण करने में अन्य योजनाओं में राशि सहज रूप से उपलब्ध न हों।

## पुलिस का अभियानः आप शादी में जाएं हम करेंगे आपके घर की सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिले में पुलिस अभियान चला रही है कि आप शादी में जाइए हमें सूचना दीजिए हम करेंगे आपके घर की सुरक्षा। जिले में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में पहले दीपावली के त्योहार पर छुट्टियां बिताने के लिए, घर जाने के लिए अभियान चलाया गया था कि पुलिस आपके घर की सुरक्षा करेगी अब उसके बाद पुलिस अशोकनगर जिले में शादी में जाने वाले लोगों के घरों की सुरक्षा कर रही है ताकि लोग सुरक्षित तरीके से घर की जिम्मेदारी पुलिस को सौंप कर आसानी से विवाह आयोजित कर सके।

बस इतना करना होगा कि आपको पुलिस के लिए जानकारी देना होगी, इसके बाद पुलिस आपके घर की सुरक्षा करेगी। इस अभियान के चलते अशोकनगर के गल्ला व्यापारी राजेश जैन फर्म बाबूलाल चक्रेश कुमार ने बताया कि वह अपनी भांजी की शादी में खुरई गए थे जिसकी सूचना उन्होंने कोतवाली पुलिस को दी थी। इसके बाद कोतवाली पुलिस द्वारा उनके घर की सुरक्षा में पुलिस बल लगाया गया पुलिस पूरे दिन और रात भर 3 दिनों तक घर की सुरक्षा करती रही। हम बेफिक्र होकर शादी करते रहे। लौट कर आए तो हमें अपना घर पूरी तरह सुरक्षित मिला। उन्होंने इसके लिए सिटी कोतवाली के टीआई आरपीएस चैहान और पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा का आभार माना है।

## खबर संक्षेप



### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार मोहल्ला निवासी मुकेश परिहार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दिलीप और छोटू परिहार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत जगदम्बा कॉलोनी निवासी प्रतिपाल कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हितेन्द्र लोधी ने हिस्सा बटवारे की बात पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत गायत्री मंदिर गली अशोकनगर निवासी सतीश रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नीलेश, हेमन्त, रामकृष्ण, रामसरण, कान्हा, हल्कीबाई रघुवंशी ने बडोरा नईसरायं रोड़ पर उस पर डंडे और फाबड़े से हमला कर मारपीट की। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खैराई निवासी बलवीर आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी फूलसिंह, राहुल और लक्ष्मीनारायण आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिन्कूपुर निवासी उर्मिला बागड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति अमरसिंह बागड़ी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### जिले को आई.पी.एल. कंपनी की रैक से यूरिया उर्वरक हुआ प्राप्त

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में रबी वर्ष 2025-26 हेतु जिले में आई.पी.एल. कंपनी की रैक से प्राप्त 1037 मेट्रिक टन यूरिया का भण्डारण कराकर कृषकों को वितरण हेतु उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। एम.पी.एग्रो अशोकनगर 71 मेट्रिक टन, डबललॉक केन्द्र अशोकनगर 203 मे.टन, डबललॉक केन्द्र मुंगावली 50 मे.टन, डबललॉक केन्द्र पिपरई 50 मेट्रिक टन, डबललॉक केन्द्र नईसंराय 50 मेट्रिक टन, डबललॉक केन्द्र चन्देरी 50 मे.टन, डबललॉक केन्द्र ईसागढ़ 50 मे.टन यूरिया उपलब्ध कराया गया है। रैक से प्राप्त यूरिया 11 सेवा सहकारी समितियों को मांग अनुसार ईसागढ को 27 मेट्रिक टन, रूसल्ला बुजुर्ग, ढाकोनी, बामोरा, नारायणपुर, अथाईखेड़ा, रांवसर, भरियाखेड़ी, खोरीबरी, छैबलाई, मल्हारगढ़ को 25-25 मेट्रिक टन कुल 277 मेट्रिक टन यूरिया प्रदाय किया गया है। अशोकनगर के निजी विक्रेताओं को श्री कृष्णा कृषि क्लीनिक 211 मे.टन., महाकाल ट्रेडर्स 25 मेट्रिक टन मेट्रिक टन यूरिया प्रदाय किया गया।

### अभिभाषक संघ आज मनाएगा परिनिर्वाण दिवस

**अशोकनगर।** अभिभाषक संघ जिला अशोकनगर द्वारा न्यायालय परिसर स्थित संविधान वाटिका में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया जाएगा। यह आयोजन सुबह 10:30 बजे होगा। जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष चन्द्रशेखर साहू ने सभी अधिवक्ताओं से उक्त कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के ईसागढ़ थाने की पुलिस ने ग्राम भेलवासा निवासी अमरजीत सिंह सिक्ख के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। बहादुरपुर पुलिस ने मोला डेम निवासी तुलसीराम बंजारा और गोविंद बंजारा के पास से 5-5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### जुए के अडडे पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने की पुलिस ने बरखेडा हेमराज में तालाब के किनारे ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए अमीर वेग, आमिर खान, आरिफ खान, हासिम खान के पास से ताश की गडडी और 3500 रूपए बरामद किए हैं।

---


महोत्सव में 200 प्रतिमाओं की होगी प्रतिष्ठा

# पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर अयोध्या नगरी में बनाया 36 हजार वर्गफुट का पंडाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

राष्ट्र संत और निर्यापकाचार्य मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के संसघ सानिध्य में पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं गजरथ के आयोजन को लेकर पुरानी कृषि उपज गल्ला मण्डी में हो रही है अयोध्या नगरी तैयार। यहां समस्त आयोजनों को लेकर 36 हजार वर्गफुट का विशाल पांडाल बनाया गया है। यहां भगवान के 5 कल्याणक के माध्यम से प्रतिमाओं को प्रतिष्ठित किया जाएगा। नाभिराय का दरबार सजेगा और आदिकुमार के जन्म से लेकर मोक्ष कल्याणक की सारी प्रक्रियाएं इस आयोजन में होंगीं।





### पंच कल्याणक महोत्सव में 200 प्रतिमाओं की होगी प्रतिष्ठा

इस पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में अशोकनगर शहर के 4 जिनालयों में विराजमान होने वाली प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा इस आयोजन में होगी। इन प्रतिमाओं के अलावा आसपास के जिलों के जैन मंदिरों में स्थापित होने वाली प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा भी इस महोत्सव में की जाएगी। प्रदीप भैया ने बताया कि लगभग 200 प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा इस आयोजन में होगी। जिसमें अशोकनगर सुभाष गंज जैन मंदिर में सात नईं जैन प्रतिमाएं आ रही हैं, जिनकी प्रतिष्ठा इस आयोजन में होगी। इस मंदिर का नए सिरे से निर्माण किया जा रहा है, इस मंदिर में जो प्रतिमाएं पहले से विराजमान थीं उन प्रतिमाओं के लिए एक तात्कालिक रूप से नया मंदिर तैयार किया गया है। नए मंदिर का निर्माण होने के बाद इन प्रतिमाओं को एक ही मंदिर में विराजमान किया जाएगा। यह 80 वर्ष पुराना मंदिर था जिसका नए सिरे से निर्माण हो रहा है। शहर के सोनी कॉलोनी स्थित पाश्र्वनाथ जैन मंदिर में 6 नईं प्रतिमाएं आ रही हैं जिनकी प्रतिष्ठा इस आयोजन में होगी। शहर का सबसे प्राचीन पुराने गांव जैन मंदिर का नए सिरे से निर्माण हो चुका है। यहां मंदिर के ऊपरी तल पर चैबीसी का निर्माण किया गया है। जहां 24 प्रतिमाएं स्थापित होगीं। इसके अलावा 5 प्रतिमाएं और प्रतिष्ठित होगीं। यह गांव मंदिर की सभी प्रतिमाएं साढे 3 साल पहले बनकर आ चुकी हैं, जिनकी प्रतिष्ठा अब होगी। इसके अलावा शहर के शांतिनाथ त्रिकाल चैबीसी जैन मंदिर की सभी प्रतिमाएं नए सिरे से बनकर आ रही हैं। जो 105 प्रतिमाएं हैं। जिनकी प्रतिष्ठा इस आयोजन में होगी।

### आयोजन को लेकर बनाई जा रही है भोजन शाला

इस आयोजन में शामिल होने वाली श्रद्धालुओं को आयोजन कमैटी द्वारा भोजनशाला के माध्यम से भोजन की व्यवस्था की जा रही है। जो भी इन्द्र इन्द्राणी बन रहे हैं उन्हें कूपन भी प्रदान किया जा रहा है। उस कूपन के माध्यम से वह भोजन शाला में भोजन कर सकेगें। बाहर के अतिथियों के लिए भी इसी प्रकार की व्यवस्था की गई है। इस भोजन शाला का निर्माण भी पुरानी कृषि उपज मण्डी में किया जा रहा है।

### अंहकार में व्यक्ति विनाश को प्राप्त हो जाता है:मुनिश्री

मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने अशोकनगर के सुभाषगंज जैन मंदिर परिसर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अहंकार और विश्वास में बहुत अंतर है, अहंकार में व्यक्ति ग़ाफ़लि होकर विनाश को प्राप्त हो जाता है। इस संसार में रावण से बढ़कर कोई धनवान नहीं हुआ तो अहंकार भी उसका उतना ही भारी था, लेकिन जब सामने विश्वास से भरे श्रीराम आये तो रावण का भी अहंकार टिक न सका। उन्होनें कहा कि सीता को यह विश्वास था कि मेरे पति एक दिन आयेंगे और मुझे इस दुष्ट के वंधन से मुक्त करायगें। इसी विश्वास ने काम किया और श्री राम ने समुद्र को भी विश्वास के बल पर बांध कर लंका विजय की थी। विश्वास बहुत बड़ी चीज है इसे बनाये रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पृथ्वी पर हम भार है या सौभाग्य है अपने आप की क्या कीमत है क्या तुमने महसूस किया कि मैं बहुत काम का हूं। मेरे दिमाग ने न जाने कितने लोगों की जिंदगी बचाई क्या ऐसा कोई काम किया कि जगत आपकी कीमत कर रहा है। परिवार में तुम्हारी क्या अहमियत है आपने ऐसा कोई काम किया कि परिवार की आपका कुटुम्ब में मान सम्मान बढ़ता चला गया। तुम कहते हो तुम धर्मात्मा हो, तुम्हारे बिना धर्म विकलांग हो जायेगा, क्योंकि धर्म धर्मात्मा के बिना चल नहीं सकता। क्या तुमने धर्म का काम किया क्या तुमने ऐसा धर्म किया कि धर्म आपके कारण आगे बढ़ सका।

### धर्म बहुत आगे कि बात है थोड़ी तुम्हारे प्रति कूलता हुई कि तुम गुरु बदल लेते हो

उन्होंने कहा आप ने गुरु महाराज को हजारों बार नमोस्तु किया और आशीर्वाद नहीं मिला तो आप तपस्वी हो। गुरु ने आपको तपस्या के रूप प्रायश्चित दे दिया, हमें मान लेना चाहिए। फिर देखना एक दिन ऐसा भी आयेगा कि तुम्हारे लिए सदा टाइम मिलता रहेगा। क्या समझ रखा है गुरु को गुरु तुम्हारी प्रशंसा करेंगे गुरु हमारे काम को सराहएगें। धर्म बहुत आगे कि बात है थोड़ी तुम्हारे प्रति कूलता हुई कि तुम गुरु बदल लेते हो। लोग तुम्हारे से बोलने को तरसते है और अगर गुरु वोले नहीं तो आप के मन में यह भाव आ गया कि गुरु कभी मेरा अहित नहीं कर सकते। गुरु तो मेरे परम उपकारी है तुरंत तुम्हारे मन में भाव आना चाहिए कि गुरु तुम्हारे मन में भाव आये कि गुरु मेरे परम हितैषी है। वह तुम्हारा बुरा विचार ही नहीं कर सकते।

---

### पंचायत उप निर्वाचन 2025 उत्तरार्द्ध हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी

**अशोकनगर।** म.प्र.राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा पंचायत उप निर्वाचन 2025 उत्तरार्द्ध हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। 30 सितम्बर 2025 की स्थिति में जिले में 375 पंच तथा 01 सरपंच (ग्राम पंचायत बांकलपुर) जपं चंदेरी के रिक्त पद की पूर्ति के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डी.एन.सिंह द्वारा तहसीलदार एवं रिटर्निंग ऑफिसर(पंचायत) जनपद पंचायत अशोकनगर, चंदेरी, मुंगावली ईसागढ़ को पंचायत उप निर्वाचन 2025 उत्तरार्द्ध की कार्यवाही समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। जारी निर्वाचन कार्यक्रम के तहत निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन तथा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की तिथि 08 दिसम्बर, नाम निर्देशन प्राप्त करने की अंतिम तारीख 15 दिसम्बर, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 16 दिसम्बर, अभ्यर्थिता से नाम वापिस लेने की अंतिम तारीखा 18 दिसम्बर, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करने तथा निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन 18 दिसम्बर, मतदान 29 दिसम्बर को प्रातः 07 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक, पंच पद के लिए मतगणना मतदान समाप्ति के तुरंत पश्चात होगी। 02 जनवरी 2026 को प्रातः 08 बजे से सरपंच, जपं सदस्य एवं जिपं सदस्य की विखं मुख्यालय पर ई.व्ही.एम. से की जाने वाली मतों की गणना होगी, 05 जनवरी 2026 को पंच पद की मतदान केन्द्र पर की गई मतगणना का सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा, पंच पद की विखं मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना, सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा, 05 जनवरी 2026 को सरपंच एवं जपं सदस्य पद के लिए मतों का सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा।

---

# गल्ला व्यापारी से हुई 20 लाख की लूट का मास्टर माइंड गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर शाढ़ौरा कस्बे के गल्ला व्यापारी नीरज साहू के साथ 3 दिसम्बर को अशोकनगर गुना मार्ग पर हुई 20 लाख रूपए की हुई लूट की घटना के मुख्य आरोपी जो मास्टर माइंड है उसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। राजा पुत्र रामसिंह भदौरिया के रूप में की गई पहचान में आरोपी ने अपने साथ कुछ और लोगों के लिप्त होने की जानकारी उजागर की है। पुलिस किसी भी समय इस घटना से जुड़े सभी आरोपियों और लूटे गए रूपयों का कभी भी खुलासा कर सकती है।

जिस आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है वह शाढ़ौरा की भरसा बावड़ी का निवासी है। एक दिन पहले ही हरिभूमि ने यह आशंका जताई थी कि लूट की घटना के आरोपियों के पास तक पुलिस पहुंच चुकी है। शुक्रवार को पुलिस ने मास्टर माईंड के नाम को उजागर करते हुए आरोपी से की गई पूछताछ के बाद कुछ नाम का खुलासा किया है जिनमें शिवा और शिवकुमार रघुवंशी निवासी बारमहू हाल आरोन, जसरथ उर्फ सोनू मीना निवासी केशोपुर थाना कुम्भराज, गोलू उर्फ राहुल मीना निवासी उमरिया चक्क थाना कुम्भराज व एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया था। ज्ञात हो कि 3 दिसम्बर को जब शाढ़ौरा का गल्ला व्यापारी नीरज पुत्र भगवान साहू अशोकनगर मण्डी रोड़ स्थित आईसीआईसीआई बैंक से 20 लाख रूपए लेकर अपने घर शाढ़ौरा जा रहा था तभी रेलवे फाटक और नगउखेडी के बीच 4 आरोपियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना को लेकर एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने 10 हजार रूपए का इनाम घोषित किया था। एसडीओपी विवेक शर्मा को 6 टीमों का लीडर बनाया गया था। एसडीओपी विवेक शर्मा ने बताया कि घटना की संवेदनशीलता और गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक अरबिंद सक्सेना ने घटना स्थल का निरीक्षण किया था और कहा था कि जल्द ही आरोपी पकड़े जाएगें। इस घटना को लेकर उन्होंने आरोपियों के जल्द ही पकड़े की संभावना जताई थी।

आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि वह बैंक शाखा में ट्रेक्टर के लोन का पैसा जमा करने के वहाने कईं बार बैंक में गया और अपने साथियों को लाया, उसे पता था कि नीरज साहू शाढ़ौरा से अशोकनगर आता है और रूपए निकालकर ले जाता ह। यहीं से उसने लूट की घटना का प्लान बनया था और जब 3 दिसम्बर को नीरज साहू रूपए निकाल कर जब अशोकनगर से शाढ़ौरा जा रहा था।

---



### अशोकनगर में ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** जनपद पंचायत अशोकनगर के सभाकक्ष में शुक्रवार को अनुविभागीय अधिकारी अशोकनगर शुभ्रता त्रिपाठी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम त्रिपाठी द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासकीय योजनाओं के तहत अधिक से अधिक ऋण प्रकरण बैंकों में प्रस्तुत करे। जिससे बैंको द्वारा ऋण प्रकरण समय सीमा में स्वीकृत किया जा सके। बैठक में समस्त बैंकों की ओर से लीड बैंक प्रबंधक राजीव राय द्वारा समस्त शासकीय योजना में शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही लंबित ऋण प्रकरणों का जल्द निष्पादन के लिए बैंकों को निर्देशित किया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोकनगर शैलेन्द्र यादव, ब्लॉक के समस्त बैंकों के शाखा प्रबंधक व शां अधिकारी उपस्थित रहे।

---

कई ग्राम पंचायतों के पास खुद के भवन नहीं

# कहीं किराए की दुकान में तो कहीं गांव की दालान में चल रहीं पंचायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के बहादुरपुर क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों के पास स्वयं के भवन नहीं हैं। ऐसे में पंचायतों के कार्यालयीन कामकाज करने में बड़ी अड़चन है। ऐसा नहीं है कि वरिष्ठ स्तर पर इस कमी की जानकारी न हो, बल्कि कई पंचायतों में भवनों के प्रस्ताव भेजे हुए अरसा हो चुका है किंतु इन्हें स्वीकृति मिलने में देरी हो रही है।

ग्राम पंचायत सचिवों एवं रोज़गार सहायकों को जनसुनवाई सहित अन्य कामकाज करने में कठिनाई आती है। भवन विहीन पंचायतों में झागर बमुरिया, मथाना, बरखेड़ा जमाल, जारोली धुब्याई, घाट बमुरिया, टीटोर आदि के नाम शामिल हैं। ग्राम पंचायत बरखेड़ा जमाल का कार्यालय पटवारी कक्ष में चलता है। जहां जाने के लिए ही रास्ता नहीं है, मुख्य द्वार के सामने बागड़ है। इसी तरह जारोली धुब्याई और टीटोर के कार्यालय ई कक्ष के एक कमरे में सिमट कर रह गए हैं। ग्राम पंचायत झागर बमुरिया का कार्यालय गांव के सामुदायिक भवन में संचालित किया जा रहा है।

**मथाना की पंचायत मकान की दालान में चल रही है**ग्राम पंचायत मथाना के सचिव अशोक यादव ने बताया कि गांव के एक मकान की दालान में कार्यालय चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत भवन तो ठीक, गांव में सरकारी भवनों की भारी कमी है। माध्यमिक विद्यालय और प्राथमिक विद्यालय के पास भी पर्याप्त कमरे नहीं है। प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के करीब एक सैकड़ा बच्चे दो कमरों के स्कूल में पढ़ रहे



हैं, जिन्हें दो पालियों में बुलाया जाता है। सरपंच श्रीमती प्रियंका यादव ने कहा कि वह 2022 से ही इन समस्याओं के सम्बन्ध में आवेदन दे रही हैं।

**घाट बमुरिया में पंचायत भवन किराए की दुकान में चल रहा है** ग्राम पंचायत घाट बमुरिया में पंचायत भवन एक किराए की दुकान में चल रहा है। जिसमें एक टेबिल, एक कुर्सी और दो ब्रेंच रखी हैं। सचिव सागर सिंह यादव कहते हैं कि उनकी पोस्टिंग कुछ महीने पहले हुई है, ग्राम पंचायत में यह समस्या काफी पुरानी है। ग्राम रोजगार सहायक सचिन जाटव इसी दुकान में बैठकर ग्रामीणों के कामकाज निपटाते दिखाई दिए। इस पंचायत में सफाई व्यवस्था पर भी ध्यान दिया जाना जरूरी है। गांव की मुख्य सड़क पर चैबीस घंटे नालियों का पानी बहता है।

#### प्रस्ताव भेजा है

भवन विहीन ग्राम पंचायतों के लिए हमने प्रस्ताव भेजा है। जिसके दो चरणों में करीब दो दर्जन पंचायत भवनों की स्वीकृति हुई है। इनका निर्माण कार्य भी चल रहा है, शेष स्थानों पर भी जल्द ही स्वीकृति मिलने की संभावना है।

**आलोक इटोरिया,** सीईओ, जनपद पंचायत मुंगावली

---

विश्व मृदा दिवसः जमीन में देशी खाद का उपयोग नहीं करने से पोषक तत्वों में आ रही कमी

# एक ही प्रकार की खेती का उत्पादन करने से हो रही है पोषक तत्वों की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर







विश्व मृदा दिवस को लेकर अशोकनगर जिले की मृदा की जानकारी की जुटाई गई। जाना गया कि यह दिन यदि मृदा का विशेषताओं को समझने का दिन है और उसके महत्व को समझने की जरूरत है। तब कृषि विभाग के अंतर्गत संचालित मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में जाकर होने वाले मिटटी के परीक्षण की जब जानकारी ली गई तब मामला सामने आया कि जिले में लगातार मृदा में पोषक तत्वों की कमी हो रही है। जिस मृदा को मृदु होना चाहिए वह कठोर होती जा रही है। कृषक कृषि विज्ञानियों की बात सुनते तो हैं लेकिन मानते नहीं हैं। जिससे मृदा में पोषक तत्वों की कमी के परिणाम परीक्षण में सामने आ रहे हैं।

मृदा विशेषज्ञ शेलेन्द्र पुरोहित ने बताया कि जो भी परीक्षण यहां की प्रयोगशाला में होते हैं उनमें जिन तत्वों की कमी आ रही है उनमें फास्फोरस की मात्रा 25 प्रतिशत होना चाहिए वह 18 से 21 प्रतिशत आ रही है। इसी प्रकार सल्फर की 20 से 30 प्रतिशत की कमी है। यहां 70 प्रतिशत का आंकड़ा आ रहा है। इसी प्रकार पोषक तत्वों में जिंक की 66 प्रतिशत कमी 2018-19 में पाई गई थी उसमें बाद अब यह आंकडा 55 से 56 प्रतिशत की कमी पर आ गया है। नाईट्रोजन की मात्रा मृदा में 250 से 400 प्रतिशत के बीच होना चाहिए किन्तु वह आंकड़ा 54 प्रतिशत आ रहा है। ऑरगेनिक कॉर्बन की मात्रा 0.30 से 0.40 प्रतिशत है जो 0.50 से .075 प्रतिशत तक होना चाहिए। पोटेशियम की मात्रा 2018 और 2019 के आंकड़ों के अनुसार 65 प्रतिशत थी जिसमें सुधार आया है और अब यह आंकड़ा 52 से 30 प्रतिशत के बीच आ गया है। उन्होंने कहा कि जिले में किसान जो खाद की मात्रा का उपयोग कर रहे हैं वह आंकड़ा सही है यहां 47 किलो खाद प्रति हेक्टयेर का उपयोग किया जाता है। जब कि अन्य राज्यों में इसका प्रतिशत अलग है। यूपी में 250 से 300 किलो, पंजाब 600 से 700 किलो और महाराष्ट्र में 350 किलो खाद प्रति हेक्टयर उपयोग की जाती है।

मृदा विशेषज्ञ शेलेन्द्र पुरोहित ने बताया कि अशोकनगर जिले में जो कृषि की भूमि है उसमें ऑरगेनिक कार्बन की कमी होती जा रही हैं यहां के किसान एक ही प्रकार के उर्वरकों का उपयोग अपनी फसल के उत्पादन को लेकर करते हैं। यहां के किसान परम्परागत रूप से जिन फसलों का उत्पादन करते आ रहे हैं वहीं फसलें लगातार उपजा रहे हैं। जो फसल कटाई के बाद अवशेष अर्थात नरवाई खेतों में रह जाती है उसमें आग लगाने के कारण जमीन में कठोरता आती जा रही है। इसके साथ जमीन में देशी खाद का उपयोग न करना भी पोषक तत्वों की कमी का कारण बन रहा है। ऐसे में उनका कहना है कि किसानों को खरीफ की फसल में खासतौर से हरी खाद का उपयोग करना चाहिए। कम से कम 25 प्रतिशत भूमि में हरी खाद का उपयोग करें जिससे जमीन में कठोरता कम होगी।

प्रयोग शाला में प्रतिदिन 10 से 15 किसान अपनी खेतों की मिटटी लेकर परीक्षण कराने के लिए आते हैं। पूर वर्ष भर का लक्ष्य इस बार 3640 परीक्षण का दिया गया है, इस परीक्षण को लेकर अब तक अशोकनगर की प्रयोगशाला में पंजीयन पूरे 3640 हो चुके हैं लेकिन टेस्ट 3281 का हुआ है। जिसमें प्राकृतिक खेती के 237 रजिस्ट्रेशन भी शामिल हैं। ऐसा ही लक्ष्य चन्देरी को मिला है यहां 2977 का पंजीयन हुआ है और 2878 का परीक्षण हो चुका है। मुंगावली में 2836 का पंजीयन हुआ है और 2687 का परीक्षण हो चुका है जबकि 2957 किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है और 2885 का परीक्षण हो चुका है।

जिले में मिटटी परीक्षण को लेकर चारों ब्लॉकों में 4 प्रयोगशालाएं संचालित हैं जिनमें अशोकनगर मुख्यालय पर संचालित होने वाली प्रयोगशाला कृषि विभाग के अंतर्गत हैं और शेष 3 ब्लॉकों में संचालित होने वाली प्रयोगशालाएं एफपीओ के द्वारा संचालित हैं, जिन्हे ठेके पर दिया जाता है। यह प्रयोग शालाएं चन्देरी, मुंगावली और ईसागढ में संचालित हो रही है। अशोकनगर में जो प्रयोगशाला संचालित है वह कृषि उपज मण्डी परिसर में बनी है। इस भवन की देखरेख न होने से वह जीर्णशीर्ण होता जा रहा है। यहां कईं जगह भवन में ऐसी ही स्थितियां देखी गईं। स्टाफ के मामले में मात्र 2 का ही स्टाफ है जिसमें मृदा विशेषज्ञ शेलेन्द्र पुरोहित अधिकारी के रूप में काम कर रहे हैं लेकिन उनकी भूमिका इस प्रयोग शाला में अधिकारी के साथ बाबू और प्यून की भी है। यहां की प्रयोग शाला में एक माह पहले एक नईं मशीन भी पहुंची है जो वर्षाकाल के मौसम में मिटटी का नमूना लेकर आने वाले किसानों की मिटटी को सूखाने के लिए है ताकि उसका परीक्षण किया जा सके।

## आउटसोर्स और कंवेंस के पैसों में करोड़ों के घोटाले पर एमपी डब्ल्यूएलसी की चुप्पी

# सरकार को चूना लगाने वालों पर कब होगी विभागीय कार्रवाई?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

एमपी वेयरहाउस कार्पोरेशन के ब्यावरा वेयरहाउस में आउटसोर्स में बिना काम के वेतन देने का मामला हो या फिर कर्मचारियों को वेयरहाउस से दूसरे वेयरहाउस तक जाने के लिए मिलने वाले पट्रोल का मामला हो विभाग ने ऐसी चुप्पी साधी की जिला कलेक्टर की जांच में भी घोटाला प्रमाणित होने के बाद आउटसोर्स में वेतन घोटाला करने वाले अभी भी वेयरहाउस में काम कर शोभा बडा रहे है उन पर कोई विभागीय कार्रवाई नहीं हुई है।

इसके बाद कन्वेंस के लिए मिलने वाले पटोल में का भी घोटाला सामने आया जिसमें कर्मचारियों के फर्जी हस्ताक्षर करके प्रबंधक व उनके सर्पोटिंग स्टॉफ ने सरकारी पैसों की बंदरबांट कर ली और काम करने वाले कर्मचारियों तक नहीं पहुंच पाए। ऐसे में यह समझा जा सकता है कि किस तरह की अनियमितता ब्यावरा वेयरहाउस में चल रही है और विभाग चुप्पी साधे बैठा है।


वेयरहाउस कर्मचारियों से बताया - सालों ने नहीं मिला वेयरहाउस जाने का कन्वेंस
कर्मचारियों के फर्जी हस्ताक्षर से निकाली गई पेट्रोल व्यय की राशि
विडम्बना: प्रबंधक द्वारा सालों से हर महीने निकाले जा रहा सरकारी पैसा
वाहन व्यय दिए जाने वाले कर्मचारियों के हस्ताक्षर का होना चाहिए सत्यापन
25-30 हजार हर महीने आता है पेट्रोल खर्चा
इनका कहना है...


प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर व आउटसोर्स कंपनी भी डाटा बताने में दिखे असमर्थ
वेयरहाउस में कब रुकेगी सरकारी पैसे की लूट! कलेक्टर के जांच आदेश भी निरर्थक
जांच हुई तो वित्तीय अनियमित्ता आएगी सामने, कई ओरिजिनल पत्रक भी गुम
बिना काम किए निकलती रही आउटसोर्स कर्मचारियों की वेतन
23 में से 12 कर्मचारी ही करते हैं काम बाकी का सिर्फ नाम
पिछले तीन महीनों में कम हुए कर्मचारी
कम्प्यूटर ऑपरेटर की ऑफिशियल जांच जरूरी
इनका कहना है...

### जिला प्रबंधक वेयरहाउस ने जांच में दिए थे कई फर्जी आउटसोर्स कर्मचारियों के नाम

राजगढ जिला प्रबंधक वेयरहाउस बीडी सगर ने जिला कलेक्टर के आदेश के बाद फर्जी आउटसोर्स कर्मचारियों की जाचं में कई लोगों को फर्जी पाया परंतु इसके बाद भी इस मामले का आउटसोर्स कंपनी से मास्टर माइंड विभाग में उसी पद पर तैनात है ऐसे में विभाग की भूमिका पर भी प्रश्न चिन्ह लग रहे है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रबंधक वेयरहाउस ने जांच में 12 से अधिक कर्मचारियों को पाया था अवैध रूप से वेतन पाने का दोषि फिर कार्रवाई कहां रूक रही है यह यक्ष प्रश्न है।

### एमपी वेयरहाउस रीजनल मैनेजर ने भी बनाई दूरी

ब्यावरा वेयर हाउस की मैनेजर दीप्ती सिंह एवं रीजनल मैनेजर राजेश अग्रवाल को कई बार फोन करने के बाद भी उन्होंने विभाग की कार्रवाई से अवगत नहीं करवाया। इससे संभावना प्रबल हो जाती है कि ब्यावरा वेयरहाउस के घोटालेबाज और रीजनल मैनेजर की सांठगांठ से ही करोड़ों के घोटाले संभव हो पाया है।

**इनका कहना है...**


हमने जांच टीम बनाकर भेजी थी उसकी जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मैं आपको कुछ बता सकता हूं।

बृजेश सक्सेना,
अतिरिक्त प्रबंध संचालक भोपाल

## शिवधाम कॉलोनी में रहवासियों ने मीटरों के लिए नीचे चिपकाए

# ब्यावरा के बाद अब राजगढ़ में भी स्मार्ट मीटरों को आमजन पर थोपने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लोगों के घरों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों का विरोध राजगढ़ मुख्यालय पर भी शुरू हो चुका है। विभाग द्वारा ब्यावरा में स्मार्ट मीटरों के विरोध में हुए प्रदर्शन के बाद राजगढ़ की शिवधाम कॉलोनी के लोगों ने अपने-अपने घरों में मीटरों के नीचे पर्चे चिपकाए हैं। उक्त पर्चों में स्पष्टतः लिखा हुआ है कि 'बिना अनुमति लिए स्मार्ट मीटर न लगाए अन्यथा कानूनी कार्यवाही के आप स्वयं जिम्मेदार होंगे'। इस तरह के पर्चे एक घर में नहीं बल्कि कई घरों में चिपके नजर आए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब पुराने मीटर और स्मार्ट मीटरों में कोई फर्क ही नहीं है तो जबरन उन्हें आम जनता पर क्यों थोपा जा रहा है।

### पहले अन्य जिलों में लगवाएं फिर हमारे यहां

विद्युत विभाग ने जिस दिन से जिले में स्मार्ट मीटर लगाए जाने की शुरूआत की है उसी दिन से लोगों द्वारा इन मीटरों का विरोध किया जाने लगा है। आमजनों का कहना है कि प्रदेश के अन्य जिलों से स्मार्ट मीटरों के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार इन मीटरों में अत्यधिक रीडिंग आती है। इसी वजह से गुना, राजधानी भोपाल व अन्य जिलों में इन्हें नहीं लगाया गया है। उधर, विद्युत विभाग के अधिकारी स्मार्ट मीटरों को उपभोक्ताओं के हित से जुड़ा बता रहे हैं।

### सोशल मीडिया पर भी नजर आ रहा विरोध

नगर के अन्य वार्डों और मोहल्लों के लोगों द्वारा भी स्मार्ट मीटरों को लेकर सोशल मीडिया पर विरोध प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। नगरवासी इन स्मार्ट मीटरों को अपने घरों में लगाने को कतई तैयार नहीं हैं। बताया जा रहा है कि विद्युत विभाग द्वारा खुजनेर नगर में भी मीटर लगवाए जाने की शुरूआत की गई थी परन्तु वहां भी विरोध होने पर मीटर लगाने की कार्यवाही रोकनी पड़ी।

### राजगढ़ के वृद्धजन करेंगें उज्जैन महाकाल लोक के दर्शन

*ब्यावरा। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए एक विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संस्था द्वारा शनिवार 6 दिसंबर को राजगढ़ वृद्धाश्रम के वृद्धजनों को उज्जैन स्थित महाकाल लोक का दर्शन एवं धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। यह पहल वृद्धजनों के लिए आध्यात्मिक आनंद और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा भरने के उद्देश्य से की जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के जिला सचिव संजय शेखर शर्मा ने बताया कि वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह यात्रा पूर्णतः निःशुल्क रहेगी। रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से विशेष बस की व्यवस्था की गई है, जिसके माध्यम से वृद्धजन उज्जैन के लिए प्रस्थान करेंगे। उन्होंने बताया कि बस को सुबह 8 बजे जिला मुख्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यात्रा के दौरान वृद्धजन महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करेंगे और महाकाल लोक कॉरिडोर की भव्यता का अवलोकन करेंगे।*

## सुदर्शन नगर में साठगांठ से घटिया निर्माण

# इंजीनियर गए छुट्टी पर, ठेकेदार ने डस्ट डालकर किया सड़क निर्माण



**सारंगपुर।** सुदर्शन नगर वार्ड 16 में मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के चैथे चरण के तहत 64 लाख 33 हजार रुपए की लागत से बन रही सीसी सड़क भगवान भरोसे बन रही सड़क का कार्य अंतिम चरण में लेकिन अभी तक किसी भी जिम्मेदार ने उसकी गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया अंततः मोहल्ले वाले ने घटिया कार्य की शिकायत एसडीएम को लिखित में की लेकिन गंभीर अनियमितताएँ नहीं थमी स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि सड़क निर्माण में खुलकर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, लेकिन इसे देखनेदृसुनने वाला कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं रहता। नागरिकों के अनुसार सड़क में डाली जा रही गिट्टी पूरी तरह डस्ट मिश्रित है, जिससे सीसी की मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इसके अलावा सीमेंट, रेत का उपयोग भी निर्धारित मानकों से काफी कम किया जा रहा है। तथा बालू रेत का तो उपयोग बिल्कुल भी नहीं किया जा रहा। लोगों का कहना है कि जब-जब सड़क निर्माण में घटिया काम पकड़ा गया, तब नगर पालिका इंजीनियर मौके से गायब रहे या लंबे अवकाश पर चले गए, जिसका फायदा उठाकर ठेकेदार ने मनमानी करते हुए सड़क बना डाली ।

# समय से पूर्व शतप्रतिशत पूर्ण हुआ एसआईआर का कार्य

## राजस्व अधिकारियों ने कलेक्टर को दी बधाईयां



**ब्यावरा-राजगढ़।** जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) के शतप्रतिशत कार्य पूर्ण हो जाने के उपलक्ष्य में गुरूवार को जिले के सभी अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारियों ने कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा का स्वागत किया और इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने इस अवसर पर अधिकारियों एवं समस्त टीम को बधाई देते हुए कहा कि एसआईआर में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण होना राजगढ़ प्रशासन की प्रतिबद्धता, टीमवर्क तथा समयबद्ध कार्यशैली का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान सभी अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारियों जिनमें ब्यावरा गोविंद दुबे, खिलचीपुर अंकिता जैन, सारंगपुर रोहित बम्होरे, राजगढ़ निधि भारद्वाज ने कलेक्टर डॉ. मिश्रा को पुष्प-गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और एसआईआर के सफल क्रियान्वयन में उनके मार्गदर्शन व नेतृत्व की सराहना की।

**जिला प्रभारी ने राजगढ़ जिले के 5 मंडलों के एक साथ प्रवास कर बैठक ली**

# एसआईआर को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



एसआईआर 2025 को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला राजगढ़ के अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर एसआईआर के जिला प्रभारी गजेंद्र सिंह सिकरवार गुना ने राजगढ़ जिले के पांचो मंडलों के एक साथ प्रवास कर बैठके लिए इस दौरान ब्यावरा विधानसभा में मंत्री जी के कार्यालय पर विधानसभा स्तरीय बैठक का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक को प्रारंभ किया गया।

इस दौरान जिला अध्यक्ष गुर्जर जिला प्रभारी सिकरवार का स्वागत भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव ने दुपट्टा पहन कर किया इस दौरान एस आई आर के जिला प्रभारी गजेंद्र सिंह सिकरवार में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अभी तक का काम तो हम सपने बहुत अच्छी तरह करते किया है लेकिन अब 16 तारीख के बाद हमको हर बूत पर विशेष ध्यान देना होगा जो नाम मतदाता सूची में नए प्रशासन के दौरान आएंगे उन सभी को चिन्हित करके जो गलत नाम उसमें जुड़ गए हैं उसे हटाने का काम अब हमको करना है और समीक्षा करना है मृतक व्यक्ति के नाम डबल से तो नहीं है क्या किसी व्यक्ति के नाम डबल तो नहीं है इसका भी हमको पूरा ध्यान देना है,। भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अभी तक हमारे सभी पार्टी के बीएलओ ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई है।,बैठक का संचालन विधानसभा प्रभारी नारायण सिंह सालरिया खेड़ी ने किया आभार भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष राजू यादव ने किया इस दौरान उपस्थित प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिलबर यादव,भाजपा जिला महामंत्री पंडित अमित शर्मा जिला उपाध्यक्ष जसवंत गुर्जर वरिष्ठ भाजपा नेता रामनारायण डांगी वरिष्ठ भाजपा नेता मानसिंह राजपूत भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह सोंधिया जयेंद्र गुर्जर बलवंत सोंधिया कल्याण सिंह गुर्जर मंडल प्रभारी इंदर सिंह लववंशी महामंत्री हरिओम डांगी सुमित सोलंकी आदि मौजूद थे।

# विश्व गीता स्वाध्याय मंडल ने किया वार्षिक उत्सव आयोजित



**जीरापुर।** विश्व गीता प्रतिष्ठानम उज्जयिनी के तत्वाधान मे संचालित सांदीपनी गीता स्वाध्याय मंडल द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव व गीता जयंती कार्यक्रम डग रोड बालाजी मंदिर पर सम्पन्न हुआ। जहां पर मंचासीन मुख्य अतिथि रामानुज कोट उज्जैन पीठाधीश्वर स्वामी रंगनाथाचार्य जी महाराज, जटाशंकर महादेव मंदिर खारपा संत स्वामी रामाश्रय जी महाराज, स्वामी सत्यानंद त्यागी जी महाराज, नारायण प्रसाद उपाध्याय तीर्थ पुरोहित उज्जैन, स्वामी घासीराम जी महाराज अंजनीलाल मंदिर संडावता उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण व भगवत गीता का पूजन अर्चन , दीप प्रज्ज्वलित कर वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में स्वाध्याय मंडल द्वारा गीता स्वाध्याय की संगीतमय प्रस्तुति देकर गीता के उपदेश सुनाए गए। संस्था द्वारा 19 वर्षों से नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गीता के ज्ञान को स्वाध्याय के रुप में प्रवाहित कर जन जन तक गीता के उपदेश को पहुंचाया जा रहा है। गीता जयंती एवं वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में सुबह बाइक रैली निकली गई जो नगर के प्रमुख मार्ग होते हुए डग बालाजी मंदिर पहुंची। इसमें जिला संयोजक दिनेश चंद्र नागर, कार्यक्रम आयोजक खेमचंद सोनी, मंडल के अध्यक्ष घनश्याम भिलाला, शिवनारायण मंडलोई, नरवरसिह पंवार, ललीत जोशी आदि मौजूद थे।

# रेडक्रॉस सेवा कार्यों से प्रभावित हुए, किया आर्थिक सहयोग



**नरसिंहगढ़।** नगर के वरिष्ठ अभिभाषक एवं समाजसेवी दामोदर उदावत द्वारा भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सेवा कार्यों से प्रभावित होकर संस्था को आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। शुक्रवार को न्यायालय परिसर में एक संक्षिप्त कार्यक्रम के दौरान उन्होंने 5,151 की राशि का चेक भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव संजय शेखर शर्मा को सौंपा। उदावत ने इस अवसर पर कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी का उद्देश्य हमेशा मानवता की सेवा करना रहा है।

संस्था द्वारा आपदा प्रबंधन, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, जरूरतमंदों की सहायता, तथा आपातकालीन स्थितियों में राहत कार्य जैसे क्षेत्रों में किए जा रहे लगातार प्रयास प्रेरणादायी हैं। उन्होंने कहा कि समाज के हर सक्षम नागरिक को इन मानवीय सेवाओं में अपना योगदान देना चाहिए, ताकि अधिकाधिक जरूरतमंद लोगों तक मदद पहुंच सके। उन्होंने यह भी कहा कि छोटे-से-छोटा सहयोग भी किसी के लिए जीवनदायी सिद्ध हो सकता है। रेडक्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव संजय शेखर शर्मा ने उदावत के इस योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि अभिभाषक एवं समाजसेवी वर्ग का इस प्रकार आगे आना संस्था के लिए उत्साहवर्धक है। इस प्रकार की आर्थिक सहायता से संस्था को विभिन्न सेवा गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यापक बनाने में सहूलियत मिलती है। आगामी दिनों में रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा जनहित में कई नई पहल शुरू करने की योजना भी साझा की गई।

न्यायालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान कई अन्य अधिवक्तागण भी उपस्थित रहे, जिन्होंने श्री उदावत की इस पहल की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया। इस अवसर पर अभिभाषक संघ अध्यक्ष अक्षय शर्मा सचिव सचिन सक्सेना, अभिभाषक गण मनीष शर्मा, ललित शर्मा, कैलाश यादव, संजय साहू, धर्मेंद्र गहलोत , सतीश बिहानी, सरिता जाटव सहित परिभाषित संघ के सदस्य गण उपस्थित रहे । सभी सदस्यों ने जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा वर्तमान में किया जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा की एवं भविष्य में सेवा कार्यों में अपनी सहभागिता निभाने का संकल्प भी लिया।

# विश्व विकलांग दिवस पर खेल गतिविधियों का किया आयोजन



**खुजनेर।** अमर शहीद मनीष विश्वकर्मा शासकीय बालक उमावि खुजनेर 3 दिसंबर को विश्व विकलांग दिवस पर खेल गतिविधियों का आयोजन जिला स्तर पर हुआ,जिसमें विद्यालय के छात्र कृष्णा यादव पिता श्याम बाबू यादव ने 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान,चेयर रेस में प्रथम स्थान एवं गोला फेंक में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं खुजनेर का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा और पूर्व विधायक रघुनंदन जी शर्मा द्वारा सभी निर्णायक खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। छात्र कृष्णा यादव को विद्यालय परिवार द्वारा प्रार्थना सभा में सम्मानित किया गया एवं मंगलमय बधाइयां दीं गई तथा उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर प्राचार्य मनोहर जायसवाल, रामप्रसाद वर्मा, कन्हैयालाल दांगी, बृजेश कुमार शर्मा, ज्योति यादव,नानका कनेश, राधेश्याम शर्मा, खेल शिक्षक इंद्रनारायण श्रीवास, ईश्वर सिंह खींची, सत्यनारायण प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# मालवा खेल महाकुंभः अंचल की प्रतिभा निखारने खिलाड़ियों को मिलेगा बड़ा मंच




**ब्यावरा।** एकलव्य स्पोर्ट्स अकादमी खेल प्रतिभाओं को निखारने एवं प्रोत्साहन देने और उन्हें राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की तैयारी के लिए मंच प्रदान करने के उद्देश्य से ष्मालवा खेल महाकुंभष का आयोजन बड़े स्तर पर किया जाएगा। यहां प्रतियोगिता सभी ब्लॉकों में 20 से 28 दिसंबर तक आयोजित होगी, जिसमें चयनित टीम जिला मुख्यालय पर 8 जनवरी से 12 जनवरी तक 4 जगहों पर आयोजित होंगी उसमें शामिल होंगी।

जिसका पंजीयन 15 दिसंबर 2025 तक होगा।अकादमी द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार कबड्डी, फुटबॉल वालीबॉल, बास्केटबॉल , खो खो और एथलेटिक्स 100 मी, 200 मी, 400 मी लॉन्ग जंप , हाई जंप , ज्वेलिंग थ्रो , शॉट पुट, डिस्क थ्रो के खिलाड़ी मैदान में उतरेंगे।यहां दो वर्ग में अंडर 14, अंडर 19 एज ग्रुप में बालक बालिका में भाग लेंगे।एकलव्य स्पोर्ट्स अकादमी का कहना है कि इन खेलों का मकसद राजगढ़ के खिलाड़ियों को बेहतर अवसर देना, स्पोर्ट्समैनशिप की भावना को मजबूत करना और युवा एथलीटों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। राजगढ़, जो पहले से ही खेल प्रतिभा का गढ़ माना जाता है, एक बार फिर इन खेल महाकुंभ के जरिए खेलों में अपनी श्रेष्ठता साबित करने को तैयार है।

## शासन के आदेश पर नपा परिषद भारी, 15 दिन की सूची होगी तैयार

# 2016 के 110 कर्मचारी हटाकर पुनः कार्य पर रखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




नगर पालिका परिषद सारंगपुर में वर्ष 2016 के बाद से कार्यरत 110 अंशकालीन दैनिक श्रमिक कर्मचारियों को वित्त विभाग के परिपत्र दिनांक 28 मार्च 2000 एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के पत्र 08 अक्टूबर 2025 के निर्देशानुसार हटाया गया था। कर्मचारियों की अचानक हुई इस छटनी के विरोध में स्वच्छता शाखा के 46 कर्मचारियों सहित सफाई कर्मियों ने 28 नवंबर 2025 से काम बंद कर हड़ताल शुरू कर दी। लगातार समझाइश और वार्ता के प्रयासों के बावजूद कोई समाधान सामने नहीं आया, जिसके चलते नगर में साफ-सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई थी। एक सप्ताह तक नगर भर में कचरा जमा होने से नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। स्थिति गंभीर होती देख बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रोहित बम्होरे, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री ज्योति सुनहरे ने हड़ताल स्थल पर पहुंचे और सफाई कर्मियों से विस्तृत चर्चा की। लंबे संवाद के बाद 46 अंशकालीन दैनिक श्रमिकों को कार्य की निरंतरता के आधार पर पुनः काम पर रखने का निर्णय लिया गया, जिसके बाद हड़ताल समाप्त हुई और नगर में सफाई व्यवस्था बहाल होने लगी।

इसी विषय पर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को एसडीएम के निर्देश पर नगर पालिका परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी शाखा प्रभारी वास्तविक आवश्यकता के आधार पर अंशकालीन दैनिक श्रमिकों की सूची 15 दिवस में तैयार कर एसडीएम एवं सीएमओ को प्रस्तुत करेंगे। सूची की शुद्धता एवं जिम्मेदारी शाखा प्रभारियों की रहेगी और गलत नाम पाए जाने पर वेतन की वसूली भी संबंधित प्रभारी से की जाएगी। इसके साथ ही नगरपालिका में कार्यरत नियमित कर्मचारियों का तर्कसंगत कार्य विभाजन कर उनसे निर्धारित जिम्मेदारियों के अनुरूप कार्य करवाने पर भी सहमति बनी। अंत में परिषद ने निर्णय लिया कि सफाई कर्मियों सहित 110 अंशकालीन कर्मचारियों की वास्तविक छंटनी के बाद तैयार प्रस्ताव अनुमोदन हेतु वरिष्ठ कार्यालय को भेजा जाएगा। अब देखना यह हैं अंशकालीन 110 कर्मचारी कितने ईमानदारी से कार्य करते हैं और कितने घर बैठकर जनता के पैसे से मजे लेते हैं।